पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# मैनेजमेंट फेस्ट के पहले दिन लुम्बा में दिखा छात्रों का हुनर और बिजनेस सोच

**लखनऊः 24 सितम्बर, 2026**

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग (LUMBA) में विभागाध्यक्ष प्रो. रितु नारंग के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट का शुभारंभ हुआ। फेस्ट का आयोजन 24 से 26 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों की किताबी पढ़ाई को वास्तविक बिजनेस समझ से जोड़ना है।

फेस्ट के पहले दिन सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक बिजनेस क्विज का आयोजन किया गया, जिसका नारा था – सोचें, रणनीति बनाएं, जवाब दें और जीतें। इसके बाद दोपहर 2:00 से 4:00 बजे के बीच सिंक ऑर स्विम के पहले राउंड का आयोजन हुआ। यह शार्क टैंक जैसा इवेंट था, जिसमें छात्रों को नए बिजनेस आइडिया पेश करने का अवसर मिला।

पहले दिन छात्रों ने पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया, अपनी सूझबूझ और टीम वर्क का परिचय दिया तथा समस्याओं के समाधान के गुर सीखे। आयोजन से आगामी दिनों की प्रतियोगिताओं के लिए उत्साहपूर्ण माहौल बना है।

---

**सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे**

राघवेन्द्र / 06:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in